दिनांक 03.11.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

रायजिंग मुख्य पाइपलाइन के संधारण के चलते जल प्रदाय रहेगा प्रभावित , मरम्मत कार्य में जुटा निगम का अमला

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शिवनाथ नदी से आने वाले मेन पाइप लाइन में खराबी आने की वजह से 4 नवंबर को जल प्रदाय प्रभावित रहेगा और 5 नवंबर को आंशिक रूप से प्रभावित हो सकता है। रॉ वाटर मुख्य पाइपलाइन में आई लीकेज को दूर करने में निगम के जल विभाग के कर्मचारी 3 नवंबर की सुबह से लगे हुए है। दुर्ग के पटेल चौक के पास पाइप लाइन लीकेज होने की वजह से 3 नवंबर की सुबह 9 बजे से शट डाउन लिया गया है ! जिससे 4 नवंबर तक पूर्ण रूप से एवं 5 नवंबर को आंशिक रूप से जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित रहेगी। प्रयास किया जा रहा है कि आज देर रात तक पाइपलाइन संधारण का कार्य पूर्ण कर लिया जाए! जलप्रदाय की व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए आयुक्त महोदय ने पानी टैंकर , हैंडपंप एवं पावर पंप तथा अन्य माध्यमों से जल प्रदाय करने के निर्देश दिए हैं! जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र के लिए शिवनाथ नदी से 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट तक आने वाले मेन रायजिंग पाइपलाइन में दुर्ग पटेल चौक के पास पाइपलाइन में लिकेज आने के कारण, संधारण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जल्द ही पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कर दिया जाएगा। मंगलवार सुबह से ही इंजीनियर संधारण कार्य में जुटे हुए है। जेसीबी के माध्यम से खुदाई का कार्य हो चुका है तथा लिकेज हो चुके मुख्य पाइपलाइन को मरम्मत किया जा रहा है , इसके चलते संपूर्ण भिलाई निगम क्षेत्र में 4 नवंबर को जलप्रदाय व्यवस्था नहीं हो पाएगी तथा 5 नवंबर को भी आंशिक रूप से जल प्रदाय व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना है।

जनसम्पर्क अधिकारी